प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 17.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की नासिक उत्पादन इकाई में बने पहले तेजस एलसीए एमके 1ए लड़ाकू जेट विमान का आज अनावरण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने एचटीटी–40 प्रशिक्षु विमान बनाने वाली इकाई का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने नासिक डिवीजन में निर्मित सुखोई–30, एलसीए और एचटीटी–40 विमानों की सराहना की और कहा कि इनकी उड़ान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की उड़ान है।

****

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत दूरसंचार में सेवा और उत्पाद के क्षेत्र में विश्व का नेता बनकर उभरा है। श्री सिंधिया ने आज नई दिल्ली में दूरसंचार विभाग की उपलब्धि पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब अपना फोर–जी नेटवर्क रखने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है। उन्होंने कहा कि एक सौ 20 करोड़ मोबाइल और 97 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तथा 94 करोड़ 40 लाख ब्रॉडबैंड ग्राहकों के साथ भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े डिजिटल राष्ट्र के रूप में भी उभरा है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची राज भवन परिसर में सभी कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि ये पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियां लेकर आएं।

****

हजारीबाग में धनतेरस को लेकर बर्तन बाजार सज–धज कर तैयार है। जीएसटी दर में 12 से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने से बर्तनों के दाम में 10 से 15 प्रतिशत तक की कमी आई है, जिससे ग्राहकों और दुकानदारों दोनों में उत्साह है। दुकानदारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस बार खरीदारों को बर्तनों पर सीधा लाभ मिलेगा।

****

जामताड़ा जिले में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

****

पलामू में एक बैंक में करोड़ों रुपये के गबन मामले का खुलासा हुआ है और इस मामले में पुलिस ने पूर्व शाखा प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। हुसैनाबाद के एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकुब ने बताया कि जांच के दौरान अभियुक्त ने 4 करोड़ 66 लाख रुपये की राशि बैंक को वापस की है।

****

राज्य के ज्यादातर जिलों में आज मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले दो दिनों तक राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, जबकि तापमान में भी कोई खास बदलाव नहीं होगा।

*******समाप्त***********